Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

**सभी पाठकों को नववर्ष 2020 की हर्दिक शुभकामनायें**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-०१ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ जनवरी २०२० पृष्ठ ०८ मूल्य:१५ रु.मात्र



## आम लोग ही रेलवे की सेवाओं के प्रमुख हितधारक-पीयूष गोयल

प.सू.का/नई दिल्ली। रेल तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कोई भी संगठन जो अच्छे कार्य करना चाहता है उसे सभी हितधारकों के परामर्श पर ध्यान देना चाहिए। रेल मंत्रालय के संसद सदस्यों की संसदीय सलाहकार समिति की अध्यरक्षता करते हुए पीयूष गोयल ने रेल परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रणाली को बेहतर बनाना एक निरंतर प्रक्रिया है।

पिछले ५ वर्षो के दौरान सुरक्षा, स्वहच्छता, समयबद्धता और अवसंरचना विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। रेल राज्यव मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी ने कहा कि भारतीय रेल देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है। परियोजनाओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकारों का सहयोग बहुत आवश्यक है। रेलवे परिचालन की कठिनाईयों के बारे में अंगड़ी ने कहा कि भारतीय रेल में प्रतिदिन २.३ करोड़ लोग यात्रा करते हैं, जो आर्स्ट्रेलिया की जनसंख्या के बराबर है।

बैठक में संसद सदस्यों ने विभिन्न विषयों को रेखांकित किया। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव, बोर्ड के अन्य सभी सदस्य तथा रेलवे वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**अगला अंक गणतन्त्र दिवस विशेषांक**

## यात्री सुविधा समिति के सदस्यों के साथ मंडल रेल प्रबंधक कि बैठक




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु यात्री सुविधा समिति के सदस्यों हिमाद्री बल, प्रकाश शर्मा, वीर कुमार यादव, डा. अजित कुमार तथा यात्री सुविधा समिति के अध्यक्ष के निजी सचिव परशुराम महतो द्वारा दिनांक २०/२१.१२.२०१६ को कानपुर सेंट्रल, चकेरी एवं चंदारी, दिनांक २२.१२.२०१६ को फतेहपुर स्टेशन, दिनांक २३.१२.२०१६ को सूबेदारगंज, बमरौली, मनौरी एवं सैयद सरावां स्टेशनों एवं दिनांक २४.१२.२०१६ को नैनी, इलाहाबाद-छिवकी, मिर्जापुर तथा झिंगुरा स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सदस्यों द्वारा टॉयलेट, वाटर बूथ, पीने के पानी का प्रेशर, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था मे सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ एवं अन्य अधिकारियों के साथ दिनांक २५.१२.२०१६ को यात्री सुविधा समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सदस्यों द्वारा निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों से मंडल रेल प्रबंधक को अवगत कराया गया एवं उन्हें दूर करने का सुझाव दिया गया।

### पाठकों से अनुरोध


विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

## अमिताभ को मिला दादा साहब फाल्के पुरस्कार



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। सदी के महानायक और छोरा गंगा किनारे वाले अमिताभ बच्चन को दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिलने पर हर प्रयागवासी खुशी से झूम रहा है वहीं भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक तीर्थराज पांडेय ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि संगमनगरी के लिए आज का दिन हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। बता दें कि कला जगत का यह प्रतिष्ठा परक पुरस्कार पाने वाले बच्चन जी पहले प्रयागवासी बने हैं।

उनको यह पुरस्कार मिलने से हर प्रयागराज वासी का कलेजा ऊंचा हो गया है। इस मौके पर सांस्कृतिक मंत्री विष्णुदयाल श्रीवास्तव, प्रयागराज सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मराज पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनुपमा पांडेय, उपस्थित थे।

### नूतन वर्ष अभिनन्दन

नूतन वर्ष के स्वागत से
बीते साल की दुखद यादें थमेंगी,
दर्द भरे टींसों का कोसों दूर
नये उमंग से जीवन थमेगी।
बूढ़े-बच्चे, सब प्राणी होंगे खुशहाल,
भारत माँ के आशीष से खुश होंगे वीर-जवान
धरती नव निर्मित, परिधान में नजर आएगी,
रबी की फसल और लहलहायेगी,
आओ, धरती को स्वर्ग बनायें,
ताकि भगवान धरती परसहज उतर आयें,
आओ स्वागत करें, नववर्ष का।।

रमेश चन्द्रा

## डब्ल्यूडीएफसी के नव-निर्मित सेक्शन का किया गया पहला ट्रायल

प.सू.का/नई दिल्ली। पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर(डीएफसी) पर भारत के व्यस्ततम रेल नेटवर्क मदार(राजस्थान) से किशनगढ़ बालावास (रेवाड़ी) के बीच ३०६ किमी. लंबे सेक्शन पर मालगाड़ी का सफल ट्रायल किया गया। यह डीएफसी पश्चिम कॉरिडोर के पहले चरण का हिस्सा है। ट्रायल का उद्घाटन राजस्थान के न्यू किशनगढ़ स्टेशन पर स्टेशन वरिष्ठ कार्यकारी रविन्द्र शर्मा ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनुराग सचान की उपस्थिति में किया। इस ३०६ किमी. सेक्शन में डबला, भगेगा, श्रीमाधोपुर, पचार, मलिकपुर, शकुन व किशनगढ़ सहित ६ क्रासिंग स्टेशन, ६ नए फ्रेट स्टेशन और तीन जंक्शन स्टेशन रेवाड़ी, अटेली व फुलेरा में बनाए गए हैं। इसके अलावा रेवाडी और महेंद्रगढ़ और राजस्थान के जयपुर जिलों में स्थित है। इस सेक्शन में १५ बड़े पुल, २७१ छोटे पुल, चार रेल फ्लाईओवर (आरएफओ) १७७ रोड अंडर पुल (आरयूबी) शामिल हैं। बता दें कि देश में पहली बार मालगाड़ी को पहले की तुलना में ४४ किमी. प्रतिघंटा ज्यादा गति से बिजली से चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस सेक्शन की निर्माण लागत ३६१८ करोड़ रुपये है, इसमें जमीन की कीमत शामिल नहीं है। इस सेक्शन के खुल जाने से राजस्थान और हरियाणा के रेवाड़ी-मानेसर, नारनौल, फुलेरा और किशनगढ़ क्षेत्रों में स्थित विभिन्न उद्योगों को लाभ मिलेगा। विदित हो इस तरह के मालगाड़ियां अमेरिका, कनाडा, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन और नार्वे में चलाई जा रही हैं। इस सेक्शन पर ७००० किलो वॉट वाले ताकतवर इंजन चलाए जा सकते हैं। सुरक्षित और कारगर परिचालन के लिए गाड़ी सुरक्षा और चेतावनी प्रणाली लगाई गई है। इस सेक्शन पर कहीं भी सड़क की क्रासिंग नहीं है और आधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से कम ऊर्जा की खपत संभव हो गयी है। इस कॉरिडोर को केवल मालगाड़ियों के परिचालन के लिए निर्मित किया गया है।

## यात्री की सुविधाओं को मेला क्षेत्र में रेलवे की एलईडी स्क्रीन

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। डीआरएम इलाहाबाद अमिताभ ने शुक्रवार दिनांक २७.१२.२०१६ को माघ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इलाहाबाद जंक्शन, इलाहाबाद छिवकी में मेले के की गई जायजा लिया और माघ मेला क्षेत्र भी गए। रेलवे की ओर से बनाए गए शिविर का भी निरीक्षण किया। यहां डीआरएम को बताया गया कि इस शिविर में रेलवे की ओर से एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है। इस स्क्रीन के माध्यम से यात्रियों को ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान आदि की जानकारी दी जाएगी। इसमें जंक्शन, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशन की वीडियो फुटेज लाइव देखी जा सकेगी।

## 'मिथिला पेंटिंग्स' को मिला अंतर्राष्ट्रीय पहचान



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। उत्तर बिहार के प्रमुख लोककला मिथिला पेंटिंग्स एवं इस कला से जुड़े कलाकारों को एक नई पहचान मिली जब पूर्व मध्य रेल के मधुबनी स्टेशन को इस कला के माध्यम से सौंदर्यीकृत किया गया जिसकी देश-विदेश में काफी सराहाना की गयी। इसके साथ ही मिथिला पेंटिंग्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दरभंगा और नई दिल्ली के बीच चलने वाली बिहार संपर्क क्रांति के कोचों को सजाया गया। इसके साथ पटना और नई दिल्ली के बीच चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस को भी मिथिला पेंटिंग्स से सजाते हुए एक नया लुक प्रदान किया गया। **United Nations In India** द्वारा भी ट्वीटर के माध्यम से बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को मिथिला पेंटिंग्स द्वारा सौंदर्यीकरण की प्रशंसा की गयी थी। इससे इस कला को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी वहीं इस कला से जुडे कलाकारों,जिनमें अधिकतर महिलाएं हैं, के लिए रोजगार के नये द्वार भी खुलेंगे। पूर्व मध्य रेल को इस बात की खुशी है कि इस कला को पुनः राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में प्रमुख भूमिका निभायी है।

## लोगों को बेहतर सेवाएं देने पर ध्यान केंद्रित करेगा पुनर्गठित रेलवे बोर्ड- चेयरमैन, रेलवे बोर्ड

प.सू.का/नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने कहा है कि रेलवे बोर्ड का पुनर्गठन कई वर्षो से लंबित था और रेलवे पर बनी कई सुधार समितियों ने इस संबंध में सुझाव दिया था। सुझाव देने वाली विभिन्न समितियों में प्रकाश टंडन समिति (१६६४) शामिल थी। इस समिति के अधिकांश सुझावों को अपनाया गया है।

मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि रेलवे बोर्ड के पुनर्गठन से आपसी समन्वय बेहतर होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा माल ढुलाई सेवा भी बेहतर होगी। इस नए पुनर्गठित रेलवे बोर्ड में एक सीआरबी/ सीईओ होगा और कार्य आधारित चार सदस्य-सदस्य, ढांचागत संरचनाय सदस्य रोलिंग स्टॉक और ट्रैक्शन, सदस्य परिचालन और व्यापार विकास तथा सदस्य, वित्त- होंगे। रेलवे बोर्ड में स्वतंत्र सदस्यों को गैर-कार्यकारी सदस्यों के रूप में शामिल किया जाएगा । इनकी प्रमुख भूमिका परामर्श देने की होगी और ये रेलवे के दैनिक कामकाज से नहीं जुड़ेंगे। रेलवे बोर्ड के पुनर्गठन के तौर-तरीके वैकल्पिक व्यवस्था द्वारा तय किए जाएंगे।



भारतीय रेल की सभी आठ सेवाओं को एक सेवा-भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा-के अंतर्गत शामिल किया गया है। इससे विभिन्न विभागों में बंटे रहने से होने वाली समस्याएं समाप्त होंगी और अधिकारी रेलवे के विकास के लिए परस्पर समन्वय के साथ कार्य करेंगे। यादव ने कहा कि केवल भारतीय रेल के अधिकारियों को ही सीईओ पद के लिए योग्य माना जाएगा और किसी भी बाहरी व्यक्ति को सीईओ नहीं बनाया जाएगा। इसके अलावा भारतीय रेल के अधिकारियों के करियर में किसी प्रकार का नुकसान न होने का भरोसा दिया गया है। इस नए पुनर्गठित सेवा में भारतीय रेल के किसी अधिकारी को नुकसान नहीं होगा। महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को सर्वोच्च स्तर का विकल्प देना वास्तव में उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। अगले १० वर्षो में भारतीय रेल के पास सभी फ्रेट मार्गो पर समर्पित फ्रेट कॉरिडोर होंगे। पीपीपी मोड के आधार पर रेलवे स्टेशन विकसित किए जाएंगे। पिछले पांच वर्षो में रेलवे का निवेश ३ से ४ गुना बढ़ा है और परियोजनाओं को अत्यधिक महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण श्रेणियों में बांटा गया है।

इससे अवसंरचना के उन्नयन में तेजी आएगी। भारतीय रेल ने उच्च विकास का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसके लिए तेज एवं आपसी समन्वय के आधार पर निर्णय लेना अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

## परिवहन प्रणाली को रेल मंत्रालय ने किया बर्मिंघम विश्वविद्यालय के साथ समझौता

प.सू.का/नई दिल्ली। रेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय रेल परिवहन संस्थान ने १८ दिसंबर, २०१६ को रेल भवन, नई दिल्ली में बर्मिंघम विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य अगली पीढ़ी की परिवहन प्रणाली के लिए पहला उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करना है। समझौता ज्ञापन पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन तथा एनटीआरआई के चांसलर विनोद कुमार यादव और बर्मिंघम विश्वविद्यालय के बर्मिंघम सेन्टर फॉर रेलवे रिसर्च एंड एजुकेशन (बीसीआरआरई) के प्रमुख प्रोफेसर कलाइव रोबर्ट्स ने हस्ताक्षर किए। भारतीय रेल इस केन्द्र का संस्थापक सहयोगी है। भारतीय रेल इस उत्कृष्टता केन्द्र को उद्यमिता, उपकरण, डाटा और अन्य संसाधन प्रदान करेगा। केन्द्र कार्यक्रम सम्मेलन कार्यशालाएं आयोजित करेगा जिनमें आधुनिक तकनीक, विश्वस्तरीय सर्वोत्तम अभ्यासों तथा परिवहन क्षेत्र के नवीनतम तथ्यों पर चर्चा की जाएगी। इस केन्द्र की स्थापना से हमारी क्षमता बढ़ेगी और हमारे युवा हाई-स्पीड रेल, भारतीय रेल की संकेत प्रणाली को आधुनिक बनाना और संचालन में योगदान देंगे।

# आईसीएफ से वंदे भारत ट्रेन कि ४४ रेक खरीदेगी भारतीय रेल



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने १५ फरवरी २०१६ को नई दिल्ली-वाराणसी रूट पर वंदे भारत ट्रेन के पहले रन को झंडी दिखाई थी। नई दिल्ली और श्री माता वैष्णोदेवी कटरा के बीच ऐसी दूसरी ट्रेन सेट सेवा को गृह मंत्री अमित शाह ने ३ अक्टूबर २०१६ को झंडी दिखाई थी। मेक इन इंडिया की अनवरत पहल के हिस्से के रूप में, चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने प्रत्येक १६ कोचों की ४४ रेलगाड़ियों के लिए बिजली के उपकरण और अन्य वस्तुओं की आपूर्ति का टेंडर प्रकाशित किया जा चुका है।

रेलगाड़ी में सभी कोच दिन की यात्रा के लिए चेअर कार प्रकार होंगे। सभी रेलगाड़ियों में डीटीसी में कैब एसी, छत पर एचटी उपकरण, इंसुलेटर, जम्पर केबल आदि जैसे जुड़े हुए एससीरिज के साथ एचटी केबल असेंबली के माध्यम से २५ केवी रूफ, वेस्टिब्यूल व्यवस्था, रीट्रेक्टेबल फूटस्टेप्स के साथ ऑटोमेटिक प्लग दरवाजे, ऑटोमेटिक इंटर कम्युनिकेशन दरवाजे, कोच डिस्प्ले, स्पीकर, साइड डेस्टिनेशन बोर्ड आदि से निर्मित पीएपीआईएस, पढ़ने के लिए लैंप के साथ लगेज रैक, सीधी रोशनी (यात्रियों के लिए) और विसरित प्रकाश निरंतर एलईडी प्रकाश, सभी कोचों में मॉड्यूलर पेंट्री उपकरण और जीपीएस एंटीना, यात्री सीटों में मोबाइल/लैपटॉप चार्जिंग सॉकेट, सभी कोच में सीसीटीवी और इमरजेंसी टॉक यूनिट्स नेटवर्किंग सिस्टम प्रदान किए जाएंगे।

# आरडीएसओ द्वारा महिला सशक्तीकरण कैम्प आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। तनावरहित रहकर रेलवे कर्मचारी रेलवे के विकास में अपना सर्वोत्तम योगदान दें, जिसके लिए रेलवे प्रशासन समय समय पर विभिन्न तरह के उपक्रम करता रहता है। इस उद्देश्य के साथ साथ आर. डी.एस.ओ.मे महिला सशक्तीकरण को भी ध्यान में रखते हुए महिला कर्मचारियों के एक ग्रुप को दुधवा सैंक्चुअरी (टाइगर रिजर्व) भ्रमण हेतु भेजा गया था। संगठन के स्टाफ बेनिफिट फण्ड द्वारा आयोजित इस आउटडोर कैम्प में ४० महिला कर्मचारी शामिल थी। महिला कर्मचारियों द्वारा आर.डी. एस.ओ. के इस पहल की भूरि भूरि सराहना की जा रही है।

*ट्रेन की छ्त, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें, जिससे जान व माल की हानि हो।*

# जेड.आर.यू.सी.सी. सदस्य ने महाप्रबंधक को भेंट की नरेन्द्र मोदी द ग्लोबल लीडर नामक पुस्तक

रे.स.ब्यू./सूत्र.। हाजीपुर क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC), पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के सदस्य ओम कुमार सिंह ने महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी को ''नरेन्द्र मोदी द ग्लोबल लीडर'' नामक पुस्तक भेंट की। इस पर महाप्रबंधक महोदय ने अपना आभार प्रकट किया। दिनांक १७.१२.२०१६ को इस अवसर पर ओम कुमार सिंह ने बताया कि पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आरंभिक जीवन, करिश्माई व्यक्तित्व आदि का सचित्र वर्णन किया गया है। पुस्तक के रचयिता राधेकृष्ण जी एवं हरि गोविंद जी हैं तथा इसका प्रकाशन इको क्रेजी कम्यूनिकेशन द्वारा किया गया है।

# पूर्वोत्तर रेलवे में 'ऊर्जा संरक्षण' पर सेमिनार का आयोजन




रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में 'ऊर्जा संरक्षण' पर सेमिनार का आयोजन १७ दिसम्बर,२०१६ को किया गया। विद्युत विभाग के तत्त्वावधान में आयोजित सेमिनार में सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं विद्युत विभाग के मुख्यालय एवं मण्डलों के इंजीनियर तथा पर्यवेक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में राजीव अग्रवाल ने कहा कि समूचे विश्व की अधिकतर गतिविधियाँ ऊर्जा पर ही आधारित हैं। भारत विश्व के सबसे अधिक ऊर्जा खपत वाले देशों में से एक है।

ऊर्जा के खपत की दर निरन्तर बढ़ रही है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि हमारी माँग का ८० प्रतिशत डीजल एवं पेट्रोलियम उत्पाद आयात किया जाता है तथा हमारी तेल उत्पादक देशों पर निर्भरता दिनो-दिन बढ़ रही है। इसके चलते विदेशी मुद्रा के क्षेत्र में भी हम पीछे हो रहे हैं। भारतीय रेल के संदर्भ में चर्चा करते हुये अग्रवाल ने कहा कि आय का लगभग २७ प्रतिशत हिस्सा बिजली एवं डीजल के रूप में ऊर्जा पर खर्च होता है जिसे कम करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि रेल खण्डों का विद्युतीकरण कर ऊर्जा के क्षेत्र में होने वाले व्यय को कम किया जा रहा है।

अग्रवाल ने बताया कि डीजल से विद्युत कर्षण में परिवर्तन होने पर प्रतिवर्ष प्रति रेक लगभग रू० २ करोड़ की बचत होती है। उन्होंने ऊर्जा के क्षेत्र में व्यय को कम करने के लिये ए.पी.यू. का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

हमारा लक्ष्य संरक्षा
सुरक्षा एवं समय पालन

# MOU signed among DDA, RLDA & IRSDC



RSB/New Delhi: A Memorandum Of Understanding (MOU) was signed on 19/12/19 among Rail Land Development Authority (RLDA), Delhi Development Authority (DDA) and Indian Railway Stations Development Corporation Ltd. (IRSDC) for development/redevelopment of Anand Vihar and Bijwasan Railway Stations, New Delhi on revenue sharing basis. The agreement was signed by DDA Vice Chairman, Tarun Kapoor and RLDA Vice Chairman, Ved Parkash Dudeja in the presence of MD & CEO, IRSDC, S.K. Lohia and Finance Member, DDA, K. Vinayak Rao at DDA Head office, New Delhi. RLDA and IRSDC will transform these two stations on Public Private Partnership (PPP) mode and turn them into world class railway stations having airport like facilities for passengers. EPC contracts have already been awarded for redevelopment of these two stations by IRSDC.

# प्रयागराज मे टूटा ठंड का रिकार्ड

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज में ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। २४ घंटे के अंदर ही दिनांक २८. १२.२०१६ शनिवार को एक झटके में न्यूनतम तापमान ६.८ डिग्री से नीचे लुढ़क कर रिकार्ड २.६ डिग्री सेल्सियस पर आ गया। बर्फीली हवाओं की वजह से गलन से जनजीवन बेहाल हो गया। बीते दस वर्ष के दौरान दिसंबर माह में इसके पूर्व कभी भी तीन डिग्री के नीचे तापमान नहीं आया था। इस बीच ठंड की वजह से जिले में तीन लोग की मौत भी हुई।

# रेलवे खेल संवर्द्धन बोर्ड को मिला फिक्की भारत खेल पुरस्कार २०१६

प.सू.का/नई दिल्ली। खिलाड़ियों और विभिन्न हितधारकों के योगदान को मान्यता देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) खेल पुरस्कार प्रदान करता है। इस वर्ष खेलों को प्रोत्साहन देने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनी (सार्वजनिक क्षेत्र) वर्ग में रेलवे खेल संवर्द्धन बोर्ड को फिक्की भारत खेल पुरस्कार २०१६ प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ११ दिसंबर, २०१६ को नई दिल्ली में दिया गया। फिक्की भारत खेल पुरस्कार २०१६ पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुकुल मुद्गल ने प्रदान किए। न्यायमूर्ति मुकुल मुद्गल निर्णायक मंडल के अध्यक्ष भी थे। कार्यक्रम में ओडिशा के खेल मंत्री तुषारकांति बेहेड़ा और सरकार तथा उद्योग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। रेलवे खेल संवर्द्धन बोर्ड २८ राष्ट्रीय खेल संघों के साथ जुड़ा है तथा



अंतर्राष्ट्रीय रेलवे खेल संघ का सदस्य है। बोर्ड अपने ३३ जोनो और सम्बद्ध इकाइयों के जरिये खेलों को प्रोत्साहन दे रहा है। भारतीय रेल से जुड़े खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स, राष्ट्र मंडल खेल और ओलंपिक्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में देश के लिए पदक जीते हैं। रेल विभाग में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के महान खिलाड़ी हुए हैं, जिनमें किशन लाल, सरदार हरविंदर सिंह, राजेन्दर सिंह, नानी कांट्रेक्टर, लाला अमरनाथ, डायन एडुलजी, पी टी उषा, बहादुर प्रसाद, शक्ति सिंह शामिल हैं। इनके अलावा मौजूदा नामी खिलाड़ियों में सुशील कुमार, साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया इत्यादि आते हैं। बजरंग पूनिया को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार एस भास्करन, सोनिया लाथर, पूनम यादव, चिंगलेनसना सिंह कांगूजम को अर्जुन पुरस्कार तथा नितीन किरताने को २०१६ के लिए ध्यानचंद पुरस्कार प्रदान किया गया। रेल विभाग में २३ पद्मश्री पुरस्कार, १६६ अर्जुन पुरस्कार प्राप्त,११ ध्यानचंद पुरस्कार प्राप्त, ६ द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त और ६ राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त महान खिलाड़ी और प्रशिक्षक हैं, जो रेल विभाग, रेलवे खेल संवर्द्धन बोर्ड तथा अन्य भारतीय खेल संगठनों के लिए गौरव का विषय है।

# देश के ५५०० स्टेशनों पर मुफ्त सार्वजनिक वाई-फाई की सुविधा

प.सू.का/नई दिल्ली। रेलवे ने देश भर के ५५०० स्टेशनों पर मुफ्त सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराने का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। पूर्व मध्य रेलवे जोन का महुआ मिलन रेलवे स्टेशन देश का ५५०० वां स्टेशन बन गया है,यह वाई-फाई नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े वाई-फाई नेटवर्क में से एक है। रेलवे स्टेशनों को डिजिटल समावेश के केंद्र में बदलने के लिए, भारतीय रेल ने रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त हाई-स्पीड वाई-फाई उपलब्ध कराने के लिए, रेल मंत्रालय के तहत एक मिनीरत्न पीएसयू, रेलटेल को अधिदेशित किया। भारत की आर्थिक राजधानी-मुंबई सेंट्रल स्टेशन से जनवरी २०१६ में इसकी शुरूआत हुई थी और ४६ महीनों के अंतराल में रेलवे ने देश भर के ५५०० स्टेशनों पर वाई-फाई सफलतापूर्वक उपलब्ध करा दिया है। सभी रेलवे स्टेशनों (हाल्ट को छोड़कर) में वाई-फाई उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। अक्टूबर २०१६ के महीने में सभी स्टेशनों पर 'रेलवायर' वाई-फाई सेवाओं में कुल १.५ करोड़ उपयोगकर्ता लॉगिन हुए जिन्होंने १०२४२ टीबी डेटा का उपभोग किया। हाई-स्पीड वाई-फाई तक फ्री एक्सेस से ग्रामीण और शहरी भारत के बीच डिजिटल विभाजन को पाटने में मदद मिलेगी। उपयोगकर्ताओं को सर्वश्रेष्ठ इंटरनेट अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया रेलवे स्टेशनों पर स्थित रेलवायर वाई-फाई ऐसे किसी उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध होगा, जिसके पास काम-काजी मोबाइल कनेक्शन के साथ स्मार्टफोन होगा। वाई-फाई का उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ता को स्मार्टफोन पर वाई-फाई मोड पर स्विच ऑन करना होगा और रेलवायर वाई-फाई नेटवर्क का चयन करना होगा।

# अध्यक्ष, रेलव बोर्ड का छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



रे.स.ब्यू/सूत्र. मुंबई। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई का दिनांक ३० नवम्बर को का निरीक्षण किया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ए. के. गुप्ता, मध्य रेल निरीक्षण के दौरान उनके साथ थे वहीं रेलवे के अपर महाप्रबंधक, मुंबई मंडल, शलभ गोयल, मध्य रेल तथा आईआरएसडीसीएल, एमआरवीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने अपने निरीक्षण के दौरान डीआरएम के एनेक्सी भवन के समीपस्थ क्षेत्र प्लेटफार्म नंबर १ से १८ तक नए विकसित यात्री गलियारे का निरीक्षण किया।

अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने प्लेटफर्म नंबर १८ से सटे हेरिटेज गली तक प्रस्तावित हार्बर लाइन लैंडिंग की भी समीक्षा की।

अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने रेल अधिकारियों के साथ यात्रियों की बढ़ती मांगों जैसे मुंबई से अतिरिक्त ट्रेनों को पूरा करने के लिए क्षमता वृध्दि के लिए भविष्य की कार्य योजना पर भी चर्चा की और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को जल्द पूरा करने की बात कही।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की अच्छी साफ-सफाई एवं रख-रखाव के लिए ५०,००० रुपये का पुरस्कार घोषित किया।

# मुलायम के जन्मदिन पर बांटे फल और काटा केक

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का ८१वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटा, गरीबों को फल एवं मिठाई भी बांटी। युवा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर राष्ट्रीय संरक्षक के दीर्घायु की कामना की गई। इस मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष छात्रसंघ के अदील हमजा, अवनीश तांडव संदीप यादव, बलवंत, रविंदर यादव, सनी सिंह, इमदाद, सत्यम, अजय सम्राट आदि मौजूद रहे। नैनी प्रतिनिधि के अनुसार प्रगतिशील पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिशन अस्पताल में केक काटा और मरीजों में फल का वितरण किया। कार्यक्रम में शिवबरन यादव, डॉ. नूर आलम, गुलाम रसूल, मल्लू यादव आदि उपस्थित रहे। इसके बाद बाँध स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पास गरीबों को फल और मिठाई बांटी गई।

इस मौके पर कृष्णमूर्ति सिंह यादव, पूर्व सांसद धर्मराज सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक सत्यवीर सिंह मुन्ना आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर सपा से जुड़े इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छोत्रें ने चंद्रशेखर आजाद पार्क में मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन केक काटकर मनाया।

# ट्रेन के कोच मे स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। रेल यात्रियों को अब स्टेशन पर ट्रेन के कोच में बैठकर लजीज व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा, जिसके लिए इलाहाबाद जंक्शन पर दो पुराने कोच में रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी चल रही है। जिसके लिए सिविल लाइंस साइड जगह देखी गई हैं। सूत्रों के अनुसार एक महीने के भीतर रेस्टोरेंट को खोलने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरु हो जाएगी।

# बच्चों ने ली सुरक्षित यातायात की जानकारी

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान परिवहन विभाग ओर से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभाग के अधिकारियों ने खेलगाँव पब्लिक स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। इसके बाद आरटीओ कार्यालय में गोष्ठी हुई। सुरक्षा के लिए जरुरी है कि हम यातायात नियमों का पालन करें, जिससे अपने और दूसरों के जीवन को सुरक्षित कर सकें। इस अवसर पर एआरटीओ अल्का शुक्ला,डॉ. आरसी श्रीवास्तव आदि थे।

सम्पादकीय

## स्वच्छता में जरुरी सभी की सहभागिता

जिस स्वच्छ भारत अभियान कि शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की हैं, उसमें सबकी भागीदारी होनी चाहिए। किन्तु हम अपने मोहल्ले की साफ सफाई के प्रति भी उदासीनता बरतते हैं। यदि हम सब अपनी जिम्मेदारी समझते है,तो पूरे समाज को अपना घर मान लें और भली प्रकार से रहें तो अपने आप सफाई का माहौल बना रहेगा। आमतौर पर मोहल्ले, कालोनियों में जो लोग कुत्ते पालते हैं, वे उनकी भी गंदगी साफ करने की जहमत नहीं उठाते हैं। सफाई से हम सभी का स्वास्थ्य तो सुधरेगा ही रहन-सहन भी आदर्श होगा। इसका पालन किसी अन्य के लिए स्वयं अपने लिए हम सबको करना चाहिए। स्वच्छता किस आधार पर रखी जा सकती है, इसके लिए भी ऐसा लगता है कि हमें विदेशों से ही सीखना पड़ेगा। वहां लोग पालतू पशुओं को सड़कों पर घुमाते समय क्लीन बैग लेकर चलते हैं।

सड़कों पे लावारिस कुत्ते या कोई अन्य जानवर नहीं दिखते हैं। हमारे देश में यह समझ कब विकसित होगी, यह बता नहीं सकता। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत साफ सफाई के लिए करोड़ रुपये खर्च किये जाते हैं। कुछ दिन तक तो सब को ये बाते याद रहती हैं लेकिन थोड़ी ही दिन में भूल जाते हैं और लापरवाही शुरु हो जाती है। इसकी वजह यह कि घर में की भी गंदगी नहीं फैलाना चाहता। यदि सफाई को हम सब अपने व्यवहार मे शामिल कर लें तो हमारी अलग ही पहचान बन जाएगी।

*ट्रेन की छ्त, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें, जिससे जान व माल की हानि हो।*

## मोहम्मद साहब ने दिया इंसाफ व इंसानियत का पैगाम

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना ओबेदुल्ला आजमी ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने समाज को इंसाफ व इंसानियत का पैगाम दिया है। उनका यह दृढ़ मत रहा है कि इंसानियत उस वक्त तक तरक्की नहीं कर सकती है, जब तक उसकी समझ में इंसाफ की बहारें न आ जाएं। लाल-गोपालगंज में आयोजित दो दिवसीय रुहानी कांफ्रेंस के समापन पर अपनी मुख्य तकरीर दे रहे थे। उन्होंने इस्लाम की व्याख्या करते हुए कहा कि इस्लाम सदैव से ही सलामती और शांति का संदेश देता आया है। उन्होंने कहा कि जब-जब जिस समाज में इंसाफ व इंसानियत का बोलबाला रहा है, तब-तब हर इंसान और हर समाज खुशहाली से मालामाल हुआ। मुबारकपुर से पधारे मुफ्ती बदरे आलम अशरफिया, मुफ्ती मो. सलीम, सैय्यद डा. राशिद मौलाना मोहम्मद हुसैन, , मोहम्मद आवेश, गुलाम मुस्तफा आदि ने तकरीर की।

## मुंबई सेंट्रल स्टेशन को मिला ०४ स्टारर्स रेटिंग के साथ 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाण-पत्र

प.सू.का/नई दिल्ली। मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' बन गया है, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएस-एआइ) द्वारा प्रमाणित किया गया है।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों को स्वरस्थ एवं सही आहार का विकल्प् पेश करने के लिए 'ईट राइट स्टेशन' अभियान शुरू किया, जो एफएसएसएआई द्वारा वर्ष २०१८ में शुरू किये गये 'ईट राइट इंडिया' अभियान का एक हिस्सा था। इस स्टेशन को एफएसएसएआई ने २६ नवम्बर, २०१६ को ०४ स्टार्स रेटिंग के साथ 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। मुंबई सेंट्रल स्टेशन का चयन खाद्य सुरक्षा एवं स्वरच्छता के अनुपालन, स्वस्थ आहार की उपलब्धता, तैयारी, ढुलाई एवं रिटेल/सर्विंग खाद्य पदार्थों की बेहतर निगरानी, स्थारनीय एवं सीजनल खाद्य पदार्थो को बढ़ावा देने और खाद्य सुरक्षा एवं स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के आधार पर किया गया है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

## महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे ने किया दिल्ली कैंट-रेवाड़ी-झज्जर-अस्थल बोहर खंड का निरीक्षण




रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, टी.पी. सिंह ने दिनांक १३.१२.२०१६ को दिल्ली कैंट-रेवाड़ी- झज्जर-अस्थल बोहर रेल खंड का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एस. सी.जैन, मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं दिल्ली मंडल के वरिष्ठ मंडल अधिकारी भी उनके साथ थे। टी.पी. सिंह, महाप्रबंधक ने दिल्ली कैंट स्टेशन के बुकिंग कार्यलय तथा परिक्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ने गुडगाँव में रेलवे क्वार्टरों का भी निरीक्षण किया व गेटमैन द्वारा समपार फाटक पर अपनाए जा रहे विभिन्न संरक्षा नियमो के दक्षता की भी जांच की।

उन्होंने सीमित ऊंचाई सबवे के कार्यस्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गैंग मैन के साथ भी संवाद किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अपने अगले ठहराव स्टेशन पटौदी रोड पर महाप्रबंधक ने नए सीमित ऊंचाई सबवे कार्यस्थल का निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने स्टेशन पर नए विकसित पार्क और नर्सरी का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर यात्री आरक्षण प्रणाली का भी दौरा किया। उन्होंने गैंग टूल बॉक्स सह आराम शेल्टर का भी निरीक्षण किया। झज्जर से प्रस्थान के बाद उन्होंने कर्व समपार सं. ३७ तथा झज्जर-अस्थल बोहर रेल खंड पर सेक्शनिंग पोस्ट का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने रास्ते में प्रेस और मीडिया के सदस्यों से मिले और उन्हें इस क्षेत्र में विभिन्न रेल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। वह रेलवे यूनियनों और एसोसिएशनों के सदस्यों से भी मिले।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

## पूर्व मध्य रेल में ट्रेनों का परिचालन HOG सिस्टम से

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा LHB कोचयुक्त ३४ जोड़ी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में हेड ऑन जेनरेशन सिस्टम (HOG) लगाया गया है। जिससे रेल को प्रतिवर्ष लगभग ३६ लाख लीटर डीजल की बचत होगी, जिसके फलस्वरूप डीजल में होने वाले लगभग २५ करोड़ रुपए की भी बचत होगी। अक्टूबर, २०१६ में १.६८ करोड़ रुपये मूल्य के लगभग ३१३ किलोलीटर डीजल की बचत हुई है । HOG सिस्टम में ट्रेनों के कोच में बिजली की सप्लाई, विद्युत इंजन से OHE से पैंटोग्राफ द्वारा प्राप्त बिजली का ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर और लोड कनवर्टर के माध्यम से की जाती है जहां इसका उपयोग कोच में लाइट, पंखे, एसी आदि के लिए किया जाता है। सस्ता और पर्यावरण अनुकूल HOG सिस्टम उन्हीं ट्रेनों में लागू किये गये हैं जो अपने प्रारंभिक स्टेशन से गंतव्य स्टेशन तक पूरे मार्ग में विद्युत इंजन से परिचालित किये जा रहे हैं।

## उन्नाव कांड मे विधायक सेंगर दोषी

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में आरोपी भाजपा से निष्कासित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दोषी करार दिया है। शशि सिंह को कोर्ट ने इस मामले में बरी कर दिया है। तीस हजारी कोर्ट ने भाजपा विधायक को भारतीय दंड संहिता की धारा ३७६ के सेक्शन ५(ब) के तहत दोषी ठहराया है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में कुलदीप सेंगर के दोषी पाए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि निर्भया दुष्कर्म मामले के सात साल पूरे होने के दिन भाजपा के विधायक कुलदीप सेंगर दोषी पाए गए और उम्मीद है अब सेंगर को बचाने की कोशिश नहीं की जाएगी।

# रेलवे बोर्ड ने किए ३२ रेल अधिकारी को जबरन रिटायर

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। कदाचार व खराब प्रदर्शन के आरोप में रेलवे बोर्ड ने अपने ३२ अधिकारी और कर्मचारी को जबरन रिटायर कर दिया है। भविष्य में भी अन्य अकुशल और भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को रिटायर किया जा सकता है। इन अधिकारियों में सीनियर ग्रेड के डायरेक्टर तथा उससे भी ऊपर रैंक के २२ अधिकारी शामिल है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के नियमानुसार सरकार को रेलवे में अकुशलता अथवा कदाचार के आधार पर डायरेक्टर रैंक के ऊपर के अधिकारी ५० वर्ष के सेवा के बाद, जबकी उससे नीचे रैंक के अधिकारी व कर्मचारी को उनके ५५ वर्ष के सेवा के बाद जबरन रिटायर करने का अधिकार है। सूत्रों के अनुसार रेलवे के अन्य इकाइयों मे भी भ्रष्ट और अकर्मण्य अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार की जा रही है।

# दूसरे शनिवार, बंद रहेंगे कोषागार

रे.स.ब्यू/सूत्र. लखनऊ। अब प्रदेश के सभी कोषागार, उप कोषागार महीने के दूसरे शनिवार को बंद रहेंगे। यह व्यवस्था दिसंबर से लागू होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद वित्त विभाग ने शासानादेश जारी कर दिया है। दूसरे शनिवार और स्थानीय अवकाशों पर खुलने के कारण कोषागार और उप कोषागार कर्मियों को साल में १५ दिन का मानदेय मिलता था।

# मैं हार नहीं मानूंगा

- वैष्णों आशीष शर्मा

मैं हार नहीं मानूंगा,
मैं हार नहीं मानूंगा।

मुश्किल राहें हैं तो क्या,
कोई साथ नहीं तो क्या।
मुश्किल हालातों से,
मैं तो लड़ता जाऊंगा,
मैं तो लड़ता जाऊंगा।

आयेगी मुश्किल जो,
आसान करता जाऊंगा।
आगे बढ़ता जाऊंगा,
आगे बढ़ता जाऊंगा।

मैं हार नहीं मानूंगा,
मैं हार नहीं मानूंगा।

मैं चाहूं अम्बर छू लूं,
मैं चाहूं सागर पी लूं,
मैं पवनों को पीछे छोड़ दूं,
दरियाओं का रूख मोड़ लूं।

है गज़ब का साहस मुझमें,
गज़ब की है लगन मुझमें,
मंजिल से पहले...
मैं नहीं थकूंगा,
मैं नहीं थकूगा।

मैं हार नहीं मानूंगा,
मैं हार नहीं मानूंगा।

# ट्रेनों की सटीक जानकारी को पूर्व मध्य रेल के १७२ लोकोमोटिव में लगाया गया RTIS

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में परिचालन दक्षता और यात्री सूचना प्रणाली की गुणवत्ता में और सुधार के लिए भारतीय रेलवे पर ट्रेन मूवमेंट डाटा का स्वतः अधिग्रहण अति आवश्यक है।

इसी के मद्देनजर रेलवे बोर्ड द्वारा रियल-टाइम ट्रेन इंफॉर्मेशन सिस्टम (RTIS) को मंजूरी दी गई। इस परियोजना को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के सहयोग से सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम (CRIS) द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।

क्रिस और एस.ए.सी. /इसरो द्वारा संयुक्त रूप से GSAT श्रृंखला सेटेलाइट के उपयोग से नई दिल्ली-गुवाहाटी एवं नई दिल्ली-मुम्बई रेलमार्ग पर इस प्रणाली का परीक्षण भी किया गया है। पूर्व मध्य रेल में सभी महत्वपूर्ण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की संचालन संबंधी सटीक जानकारी RTIS द्वारा प्राप्त की जा रही है।

पूर्व मध्य रेल में अब तक १७२ लोकोमोटिव में रियल-टाइम ट्रेन इंफॉर्मेशन सिस्टम लगाया जा चुका है। जिससे लोको ड्राइवर और कंट्रोल कार्यालय के मध्य आपस में आपातकालीन संवाद भी स्थापित कर पाएंगे।

# लागत में कमी लाने तथा आय में वृद्धि हेतु महाप्रबंधक हाजीपुर की बैठक



रे.स.ब्यू./सूत्र.मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी की अध्यक्षता में दिनांक ११.१२.२०१६ को बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परिचालन लागत में कमी, आय बढ़ाने तथा यात्रियों की सुविधा हेतु ट्रेनों में बर्थ की उपलब्धता में वृद्धि सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

इस बैठक में मुख्यालय के सभी विभागा- ध्यक्ष, पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में आय में वृद्धि के लिए माल लदान बढ़ाने, प्रतीक्षासूची टिकट लेकर यात्रियों की सुविधा हेतु आरक्षित कोचों में सीटों की संख्या में वृद्धि करने सहित अन्य विषयों पर बल दिया गया।

नवीनगर (औरंगाबाद) में स्थापित रेल मंत्रालय और एनटीपीसी का संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड द्वारा 'ओपेन एक्सेस' के तहत् घरेलू संसाधनों से कम कीमत पर विद्युत आपूर्ति होने के बाद अधिक से अधिक ट्रेनों का परिचालन इलेक्ट्रिक इंजन से किया जाए। यह प्रदूषण को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा अब तक ३४ ट्रेनों को एलएचबी कोच से चलाया जा रहा है जिससे संरक्षा में तो वृद्धि हो ही रही है, सभी श्रेणियों में यात्रियों के लिए अतिरिक्त बर्थ भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे रेलवे की आय में भी वृद्धि हुई है।

बिना टिकट अथवा उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वालों की धर-पकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि ऐसे यात्रियों से होने वाले रेल राजस्व की क्षति को रोका जा सके।

बैठक में लागत में कमी लाने एवं आय में वृद्धि के लिए हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए। इन सुझावों में रेल उपयोगकर्ताओं के फायदे के लिए प्रीमियम के साथ लोकप्रिय गुड्स शेड का आवंटन, व्यस्त रेलमार्ग पर परिवहन सुविधा प्रदान करना एवं बिना बारी के रैक की सुविधा उपलब्ध कराने जैसे कई अन्य सुझाव प्राप्त हुए।

# माघ मेला की तैयारियों हेतु सिविल प्रशासन और रेलवे विभाग कि बैठक

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद तथा लखनऊ एवं वाराणसी मंडल के अधिकारियों एवं सिविल प्रशासन के मध्य दिनांक ०६.१२.२०१६ को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रयागराज के जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एवं सिविल प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया और माघ मेला के सकुशल संपन्न होने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान ADM सिटी अशोक कुमार कनौजिया ने बताया कि स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर लगभग ३२ लाख, मकरसंक्रांति पर लगभग ५० लाख, मौनी अमावस्या पर लगभग ०२ करोड़, बसंत पंचमी पर लगभग ७५ लाख एवं महाशिवरात्रि पर लगभग १५ लाख श्रधालुओं के आने की सम्भावना है। मौनी अमावस्या पर्व के अवसर पर कुंभ २०१६ की तरह तैयारी करने की आवश्यकता है। जिस पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग कुमार गुप्ता ने प्रेजेंटेशन से इलाहाबाद मंडल द्वारा की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि अलग-अलग दिशाओं में जाने हेतु यात्रियों को अलग-अलग रंग के बनाए गए आश्रय में रखा जायेगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार नियमित मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों को अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जायेगा तथा गाड़ियों में अतिरिक्त कोच भी लगाये जायेंग। मौनी अमावस्या पर्व पर प्रयाग घाट स्टेशन पर विशेष सतर्कता हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एनामुल हक, अनुराग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मन्नू प्रकाश, वरिष्ठ मंडल इंजी. संतोष कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राकेश निगम तथा इलाहाबाद, लखनऊ एवं वाराणसी मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्भावित दुर्घटनाओं को टालने में उत्तर रेलवे के कर्मचारी पुरस्कृत



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। सम्भावित दुर्घटनाओं को टालने और त्वरित कार्रवाई दिखाते हुए वाले उत्तर रेलवे के मंडलों के संरक्षा वर्ग के कुल १६ कर्मचारियों को उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार महाप्रबंधक टी.पी. सिंह ने प्रदान किए। इस अवसर पर उत्तर रेलवे की मुख्य संरक्षा अधिकारी, सीमा कुमार तथा प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। महाप्रबन्धक द्वारा रेलगाड़ियों के परिचालन में संरक्षा के मद्देनजर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किए गए।

कर्मचारियों विवेक रॉय, लोको पॉयलट, रायबरेली, लखनऊ मण्डल,अरविन्द कुमार सहायक, लोको पॉयलट, रायबरेली, लखनऊ मण्डल, राजेश कुमार कुशवाहा, लोको पॉयलट, सुलतानपुर, लखनऊ मण्डल, रविन्द्र कुमार, सहायक लोको पॉयलट, सुलतानपुर, लखनऊ मण्डल, शालिगराम मण्डल, गैंगमेट, त्रिवेदीगंज, लखनऊ मण्डल, महेन्द्र, तकनिशियन-२, टी.आर. डी., रामपुर, मुरादाबाद मंडल, विजय शंकर कुमार, लोको पॉयलट, लुधियाना, फिरोजपुर मण्डल, सतेन्द्र, गेटमैन, साहनेवाल, फिरोजपुर मण्डल, सोनू कुमार, ट्रैकमैन, ब्यास, फिरोजपुर मण्डल, सुमित कुमार, कांटेवाला,राजपुरा, अम्बाला मण्डल,अविनाश कुमार, गेटमैन, काकोरी, मुरादाबाद मण्डल, बद्री विशाल, ट्रैकमैन, सुवंसा, लखनऊ मण्डल, रमेश कुमार, ट्रैकमैन, सुवंसा, लखनऊ मण्डल उमेश कुमार, स्टेशन मास्टर, शम्भू, अम्बाला मण्डल, रामशंकर, कांटेवाला, अम्बाला मण्डल, अमरदीप, कांटेवाला, साधूगढ़, अम्बाला मण्डल, पहल सिंह, ट्रैकमैन, कलानौर, अम्बाला मण्डल, सुरेश कुमार, कांटेवाला, यमुना नगर, जगाधरी, अम्बाला मण्डल, एवं संत राम, ट्रैकमैन, खेता सराय, लखनऊ मंडल शामिल तथा प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे

# अतीक के नाम पर रेलवे के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के इंजीनियर को धमकाया

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। मुख्यालय उत्तर मध्य रेलवे सूबेदारगंज में इंजीनियर निर्भय सिंह पटेल को फोन पर अतीक के नाम पर धमकी मिली। कॉल करने वाले ने खुद को अतीक का गुर्गा बताते हुए धमकाने के साथ ही गालीगलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। बांदा के मूल निवासी निर्भय वर्तमान में धूमनगंज के भोला का पुरवा, प्रीतमनगर में रहते हैं। वह उत्तर मध्य रेलवे प्रधान कार्यालय में सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर बतौर प्रभारी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि २३ नवंबर की रात ६.४६ बजे के करीब उनके फोन पर अज्ञात नंबर से कॉल आई, कॉल करने वाले ने खुद का नाम नहीं बताते हुए यह कहा कि अतीक अहमद का गुर्गा बोल रहा है। घटना के बाद से निर्भय सिंह पटेल का परिवार बेहद परेशान है। जिस नंबर से कॉल आया उसकी जांच की जा रही है।

# बारिश संग लुढ़का पारा

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। बर्फीली हवाओं और पहाड़ों पर बर्फबारी के जोर से शुक्रवार दिनांक १३.१०.२०१६ को ठंड के तेवर कड़क हो गए। दिन भर बदरी छाई रही। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बादल हटते ही कड़ाके की ठंड सताएगी। अधिकतम पारा २४ घंटे में ही चार डिग्री लुढ़ककर २४.७ डिग्री से २० डिग्री सेल्सियस पर आ गया। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे बादल बरसे। बारिश कि वजह से स्कूल-कॉलेज जाने को निकले बच्चे भीग गए। वहीं फिजीशियन डॉ. कमलेश सोनकर के मुताबिक मौसम की मार से लोग पक्षाघात का शिकार हो जाते हैं इसलिए बीपी के मरीजों को विशेश एहतियात बरतने कि जरूरी है।

# राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के नए कमांडेंट बने एयर मार्शल डी चौधरी

प.सू.का/नई दिल्ली। एयर मार्शल डी चौधरी ने वाइस एडमिरल श्रीकांत से राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के नए कमांडेंट का पदभार ग्रहण किया। इस नियुक्ति से पहले एयर मार्शल चौधरी पश्चिमी वायु कमान, मुख्यालय, नई दिल्ली में वरिष्ठ वायुसेना अधिकारी थे। एयर मार्शल चौधरी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं। वे २२ दिसंबर, १६८३ को वायुसेना के लड़ाकू दल में शामिल किए गए थे। एयर मार्शल चौधरी रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, ब्रिटेन के भी छात्र रहे हैं। उन्होंने किंग्स कॉलेज लंदन से सामरिक एवं अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा विषय में पोस्ट ग्रेज्युट किया और रक्षा एवं सामरिक अध्ययन में एम.फिल की डिग्री भी हासिल की। उन्हें मिग-२१, मिग-२७, मिग-२६ और एसयू-३० विमान के सभी प्रकारों के उड़ान का अनुभव है। वह फाइटर कॉम्बैट लीडर और इंस्ट्रूमेंट रेटिंग एग्जामिनर हैं। उन्होंने प्रतिष्ठित टैक्टिक्स और एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट प्रतिष्ठान और कम्पोजिट बैटल रिस्पान्स एंड एनालिसिस (कोबरा) समूह के प्रमुख के अलावा एक फ्रंटलाइन फाइटर स्क्वाड्रन और दो फ्रंटलाइन फाइटर बेस की कमान संभाली है। वे रणनीतिक, परिचालन और सामरिक स्तरों पर हवाई संचालन की योजना और निष्पादन में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने वायु मुख्यालय और परिचालन कमान मुख्यालय में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया हैं। २७ अप्रैल, १६६० को स्थापित राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज रक्षा मंत्रालय के तहत एक प्रमुख संस्थान है और यह राष्ट्र के सामरिक शिक्षा का सर्वोच्च संस्थान है। इसमें "राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक अध्ययन" पर ४७ सप्ताह की अवधि का प्रतिष्ठित वार्षिक पाठ्यक्रम चलाया जाता है,जिसकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत मांग है। वर्तमान में इसके पूर्व छात्रों की संख्या लगभग ४००० है जो कई अहम जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

# राष्ट्रीय संग्रहालय में जलियांवाला बाग की पवित्र मिट्टी से युक्ती 'कलश' का अनावरण

प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्री य संस्कृत एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रह्लाद सिंह पटेल ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में जलियांवाला बाग की पवित्र मिट्टी से युक्त कलश, शहीद की मिट्टी का अनावरण किया। इस अवसर पर पटेल ने कहा कि युवाओं विशेषकर बच्चों को प्रेरित करना तथा स्वधीनता आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना ही राष्ट्रीय संग्रहालय में जलियांवाला बाग की मिट्टी से युक्त 'कलश' को दर्शाने के पीछे मुख्य अवधारणा है।




उन्होंने कहा कि यह कोई मामूली मिट्टी नहीं है, यह सबसे बड़े बलिदानों का हिस्सा है और हम उनके बलिदानों का सम्मान करना चाहते हैं। अब राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले लोग यह जान सकेंगे कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनके पूर्वजों ने किस प्रकार अपना बलिदान किया था। पटेल जब जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक गए थे तब वहां से पवित्र मिट्टी लेकर आए थे।

बलिदान की भूमि से यह पवित्र मिट्टी १०० वर्ष के बाद राष्ट्रीय संग्रहालय पहुंची है। १३ अप्रैल, १६१६ को अमृतसर में बैसाखी त्योहार के दौरान जलियांवाला बाग नरसंहार हुआ था, जब कर्नल रेजिनाल्ड१ डायर के नेतृत्व में ब्रिटिश भारतीय सेना ने स्वतंत्रता समर्थक प्रदर्शन में शामिल जनसमूह पर गोलियां चलाई थीं, जिसमें ४१ बच्चे समेत ४०० से अधिक लोग मारे गए थे। ब्रिटिश साम्राज्य वादी युग के १६१६ के नरसंहार की शताब्दी पूरी होने पर इस कलश को राष्ट्रीय संग्रहालय में लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा। इससे दर्शकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान किए गए बलिदानों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और वे प्रेरणा ग्रहण करेंगे।

# कार्य प्रदर्शन और दक्षता बेहतर बनाने को रेलवे ने किया 'परिवर्तन संगोष्ठी' का आयोजन



प.सू.का/नई दिल्ली। सुधार और कार्य प्रदर्न को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल नई दिल्ली में दो दिवसीय परिवर्तन संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय रेल में अगले स्तर के सुधार के लिए विभिन्न मण्डल कार्यालयों से प्राप्त सुझावों पर विचार-विमर्श करना है। इस अवसर पर रेल तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव, सदस्य, अतिरिक्त्र सदस्य, सभी महाप्रबंधक, महानिदेशक तथा मण्डल रेलवे के डीआरएम उपस्थित थे। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने ५५०० स्टेशनों पर वाईफाई सुविधा स्थापित करने के लिए भारतीय रेल प्रशासन की सराहना की। रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी ने कहा कि नये विचारों पर विचार-विमर्श एक उपयोगी पहल है। ये विचार भारतीय रेल को अगले दौर के सुधारों की ओर ले जायेंगे।

# स्टेशनों से बिछडे बच्चों की सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। भारतीय रेलवे के सभी रेलवे स्टेशनों एवं परिसरों में बिछड़े बच्चों को चिन्हित कर उनके सुरक्षा के कार्य को करने के लिये रेलवे द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इस कार्यो को सुचारू रूप से करने हेतु राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक सहयोगी संस्था रेलवे चिल्ड्रन ऑफ इडिया ने रेलवे नियमों के अनुसार एक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस कड़ी में ०१ फरवरी, २०२० से ०७ फरवरी, २०२० तक रायपुर रेलवे स्टेंशन में एक जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि ऐसे बच्चे जो माता-पिता से बिछड़ गए है, उन्हें पुनः अभिभावको तक पहुचाया जा सके।

Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO
& COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER
● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# आरडीएसओ ने किया उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन कोच को डिजाईन



रे.स.ब्यु/सूत्र. लखनऊ। एलएचबी प्लेटफॉर्म पर आरडीएसओ ने पहली बार एक उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन कोच (एलवीपीएच) को डिजाइन किया है। यात्री ट्रेनों में पार्सल ले जाने के लिए इस कोच को अत्याधुनिक तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है, जिसमें एफआईएटी बोगियों को एयर-स्प्रिंग सस्पेंशन, डिस्कब्रेक, सीबीसी कपलिंग और एंड-ऑन-जनरेशन /हेड-ऑन-जनरेशन पावर योजनाओं के साथ निर्मित किया गया है। ग्राहकों द्वारा ऐसे एलएचबी की भारी मांग की गई थी। रेल कोच फैक्ट्री/कपूरथला द्वारा निर्मित पहले LVPH कोच के दोलन परीक्षण नवंबर २०१९ में उत्तर रेलवे के बरेली-मुरादाबाद -सहारनपुर खंड में ११५ किमी प्रति घंटे की रफ्तार से और पश्चिम मध्य रेलवे के सवाई माधोपुर-कोटा-नागदा सेक्शन में १४५ किमी प्रतिघंटे की परीक्षण गति से किए गए। कोच का निरीक्षण १३ दिसंबर २०१९ को मुख्य आयुक्त रेलवे सुरक्षा/ नागरिक उड्डयन मंत्रालय के द्वारा किया गया है।

# भारत का हर मुसलमान है भारतीय- सिद्धार्थनाथ

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। सूबे के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने रविवार दिनांक २२.१२. २०१९ को कहा कि भारत का हर मुसलमान भारतीय है। यह बातें उन्होंने अपने राजापुर स्थित आवास पर पार्टी नेताओं एवं प्रतियोगी छात्रों से कही। घुसपैठिये भारतीयों का हक खा रहे हैं। भारतीय मुसलमान का हक मारने वाला भारत में हरने का हकदार नहीं है। देश से सिर्फ घुसपैठिये ही बाहर जाएंगे। विपक्ष खासतौर से कांग्रेस, सपा ने इस मामले में अफवाह उड़ाकर लोगों को भड़काने का काम किया। उन्होंने भाजपा नेताओं से कहा कि इस नागरिकता संशोधन कानून के बारे में गांव-गांव, गली-गली जाकर लोगों को बताया जाए।



कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि किसी को अपनी कोई बात रखनी है तो लोकतांत्रिक तरीके से रखी जाए। इस अवसर पर अनिल सिंह, अनिल उपाध्याय कमलेश कुमार, पवन श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी, विक्की खान, धीरेंद्र कुशवाहा, आदि मौजूद रहे।

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा

अपने शुभचिंतकों को घर पर ही विदा करें प्लेटफार्म पर नहीं

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२९/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०९७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९६३५२२४८६७ फोन न.-०५३२-२४१८०४०

**संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।**

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*